## खास-खबरें

### जिपं सीईओ ने की जनकल्याण शिविरों की तैयारियों की समीक्षा



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोर:** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने बैठक आयोजित कर जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जिले में 12, 15 और 16 जून को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में शिविरों के सफल संचालन, विभागीय समन्वय तथा पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सीईओ श्रीमती यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनकल्याण शिविरों में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाए तथा योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए प्रभावी प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में शिविरों के स्थान निर्धारण, विभागवार व्यवस्थाओं, सूचना एवं सहायता केंद्रों की स्थापना तथा प्राप्त होने वाले आवेदनों के त्वरित निराकरण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। सीईओ श्रीमती यादव ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शिविरों को जनहितकारी एवं परिणाममूलक बनाने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### हाईवे से गुजर रहे कंटेनर से घरेलू सामान के 12 बॉक्स गायब

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर:** हाईवे से गुजर रहे माल वाहक से 12 बॉक्स चोरी होने के मामला सामने आया है। मामले में वाहन चालक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार विनसम एक्सप्रेस इंडिया लिमिटेड का कंटेनर इंदौर से घरेलू सामान के 64 बॉक्स लेकर फरीदाबाद जा रहा था। कंटेनर चालक वीरेंद्र नागर अपने सहयोगी आशुल नागर के साथ 3 जून 2026 को सुबह करीब 1.30 बजे इंदौर से रवाना हुए थे। रात करीब 3.10 बजे मक्सी बायपास पर एक अन्य ट्रक चालक ने वीरेंद्र नागर को कंटेनर का गेट खुला होने की सूचना दी। इसके बाद रोजवास टोल प्लाजा के पास कंटेनर को रोककर जांच की गई। जांच में पाया गया कि कंटेनर की सील टूटी हुई थी और अंदर रखे 64 बॉक्स में से 12 बॉक्स गायब थे। चोरी हुए बॉक्सों के क्रमांक 13, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 25, 26, 27, 34 और 48 बताए गए हैं।

### बाइक खंती में गिरने से युवक घायल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर:** बाइक के अचानक अनियंत्रित होकर खंती में गिर जाने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मुकेश पिता नारायण बाइक से कहीं जा रहा था तभी जिले के मोहन बड़ोदिया क्षेत्र में बनबोर मार्ग पर गुरूवार शाम करीब 4 बजे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क से उतरकर सीधे खंती में जा गिरी। इस हादसे में मुकेश घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहन बड़ोदिया ले जाया गया जहां उसका इलाज जारी है।

# दिखावे की साफ-सफाई से काम नहीं चलेगा: सांसद शर्मा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** भोपाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा ने सीहोर प्रवास के दौरान स्थानीय सीवन नदी के विभिन्न घाटों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नदी में चारों तरफ फैली गंदगी और भारी मात्रा में जमा जलकुंभी को देखकर वे बेहद नाराज हो गए। घाटों की बदहाली पर सांसद का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मौके पर मौजूद मुख्य नगरपालिका अधिकारी व अन्य नपा अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

निरीक्षण के दौरान सांसद आलोक शर्मा ने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि केवल घाटों के ऊपर-ऊपर सांकेतिक (दिखावे की) साफ सफाई करने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पूरी सीवन नदी को जड़ से स्वच्छ बनाना बेहद आवश्यक है। सांसद ने कहा कि उन्होंने खुद नगरपालिका के अधिकारियों को दफ्तरों से निकालकर मैदान में उतारा है ताकि नदी और घाटों की मुस्तैदी से सफाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था को केवल कागजों और दिखावे तक सीमित न रखकर धरातल पर ठोस काम करके दिखाया जाए।

**हाथों में थामी झाड़ू और तसला, किया श्रमदान:** नदी को स्वच्छ बनाने के संकल्प के साथ सांसद आलोक शर्मा ने केवल निर्देश ही नहीं दिए, बल्कि वे खुद भी मैदान में उतरे। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नदी किनारे श्रमदान किया। सांसद ने अपने हाथों में झाड़ू और तसले थामकर घाटों पर बिखरे कचरे को साफ किया।

**स्वच्छता सेवकों की पीठ थपथपाई:** सफाई अभियान के दौरान सांसद ने नगर पालिका के स्वच्छता सेवकों की कड़ी मेहनत की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे स्वच्छता सेवक लगातार विपरीत परिस्थितियों में भी सीवर और नदी की साफ सफाई के लिए पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं।

**जल्द सुंदर और स्वच्छ दिखेंगे सीवन के घाट:** सांसद आलोक शर्मा ने सीहोर के स्थानीय नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सीवन नदी हमारी धरोहर है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और स्थानीय प्रशासन के बेहतर समन्वय व आपसी तालमेल से बहुत जल्द सीवन नदी के सभी घाटों को पूरी तरह स्वच्छ, कचरामुक्त और सुंदर बना दिया जाएगा।

### पारसरी नदी की सफाई और गहरीकरण कार्य में तेजी

**गंजबासौदा।** आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर पालिका द्वारा पारसरी नदी के सफाईकरण एवं गहरीकरण कार्य में तेजी लाई गई है। नदी में जल प्रवाह को सुचारू बनाने और बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से यह कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। चल रहे कार्यों का निरीक्षण सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने किया। इस दौरान नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीना भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पोकलेन मशीनों की मदद से किए जा रहे सफाई कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। देवेंद्र यादव ने कहा कि बरसात से पहले नदी की सफाई और गहरीकरण होने से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी तथा शहर में जलभराव की समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि नदी से गाद, झाड़-झंखाड़ और अन्य अवरोधों को हटाने का कार्य लगातार जारी है। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार सफाई अभियान पूरा होने के बाद नदी का जल प्रवाह अधिक सुचारू होगा और बारिश के दौरान अतिरिक्त पानी की निकासी में सुविधा मिलेगी।

# मैरिज गार्डन विवाद में घायल बुजुर्ग की मौत, हत्या का केस दर्ज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर:** शहर के हाट मैदान स्थित अपना मैरिज गार्डन में बीते दिनों हुए खूनी संघर्ष में घायल इंदौर के एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ सीधे हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने 5 आरोपियों को नामजद किया है, जबकि 4-5 अन्य अज्ञात हमलावरों की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीती 31 मई को मैरिज गार्डन में इंदौर और शाजापुर के दो पक्षों के बीच लड़का-लड़की से जुड़े एक पारिवारिक विवाद को सुलझाने के लिए बैठक बुलाई गई थी। बातचीत के दौरान अचानक दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। इस हमले में इंदौर से आए 64 वर्षीय बुजुर्ग मकसूद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें इंदौर रेफर कर दिया था। इंदौर के अस्पताल में इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया।

**इंदौर में शून्य पर मर्ग कायम, शाजापुर पुलिस को सौंपी डायरी**

चूंकि बुजुर्ग मकसूद की मौत इंदौर के अस्पताल में हुई थी, इसलिए नियमानुसार इंदौर पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद केस से जुड़ी डायरी शाजापुर की कोतवाली पुलिस को भेजी गई। कोतवाली पुलिस ने मर्ग डायरी और शुरुआती जांच के आधार पर बुधवार रात करीब 8 बजे मामले को हत्या की धाराओं में तब्दील कर दिया। मृतक के बेटे के बयानों और जांच के आधार पर कोतवाली पुलिस ने पांच मुख्य आरोपियों को नामजद किया है, जिनमें अनस और जुनेद निवासी गिरवर रोड, शाजापुर, आदिल पिता खालिद, निवासी सीहोर, माजिद खान, मुनाफ पिता माजिद खान, निवासी मंसूरी कॉलोनी, शाजापुर शामिल हैं। इनके अलावा घटना में शामिल 4 से 5 अन्य अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

**इनका कहना है:** पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई हैं, जो आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**संतोष वाघेला,** थाना प्रभारी, कोतवाली शाजापुर।

# संभागायुक्त ने किया सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन:** सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों के तहत चल रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यह बात संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने नियमित निरीक्षण के दौरान कही।

गुरुवार को लोक निर्माण विभाग और केंद्रीय परीक्षण प्रयोगशाला की टीम के साथ संभागायुक्त ने नानाखेड़ा चौराहा एवं लालपुल से भूखी माता होकर मुरलीपुरा-बड़नगर रोड तक चल रहे सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण सामग्री के नमूने लेकर उनकी प्रयोगशाला में जांच कराई गई।

निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, कंप्रेसिव स्ट्रेंथ, स्लंप टेस्ट, स्टील परीक्षण सहित विभिन्न मानकों पर जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि सभी परीक्षणों के परिणाम रजिस्टर में दर्ज किए जा रहे हैं और प्रतिदिन रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ से जुड़े सभी निर्माण कार्यों में ब्रिज, सड़क, मार्ग चौड़ीकरण और घाट निर्माण जैसे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और सभी विभागों को सतत निरीक्षण सुनिश्चित करना होगा।

# जमीन विवाद में दंपती ने खाया जहर, पत्नी की मौत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** जिले के चिडोरिया पड़ायत गांव में लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक जमीन विवाद ने एक परिवार को गहरे संकट में धकेल दिया। 40 बीघा जमीन को लेकर चल रहे विवाद के चलते एक दंपति ने बुधवार रात जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसमें पत्नी की मौत हो गई,जबकि पति की हालत गंभीर बनी हुई है।

जहरीला पदार्थ खाने वाले दंपती की पहचान 40 वर्षीय मुन्नीबाई दांगी और उनके पति सुरेश दांगी के रुप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सुरेश दांगी का अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जमीन की हिस्सेदारी और खेती को लेकर पिछले छह वर्षों से विवाद चल रहा था। बुधवार को हार्वेस्टर खेत ले जाने को लेकर विवाद बढ़ गया, जिसके बाद पति-पत्नी ने जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया। घटना के बाद दोनों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां मुन्नीबाई ने ईलाज के दौरान देर रात दम तोड़ दिया, जबकि सुरेश दांगी का गंभीर हालत में उपचार जारी है।

**वर्षों से प्रताड़ना का आरोप:** दंपती के बेटे विनीत दांगी ने आरोप लगाया है कि उनके पिता को लंबे समय से खेती नहीं करने दी जा रही थी। उन्होंने कहा कि परिवार के कुछ सदस्य लगातार विवाद और दबाव बना रहे थे। इस संबंध में पुलिस और प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। विनीत का कहना है कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई, तो परिवार का न्याय व्यवस्था से विश्वास उठ जाएगा।

**बेटी ने लगाए मानसिक दबाव के आरोप:** दंपती की बेटी अंजली दांगी ने आरोप लगाया कि उसके माता-पिता को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उसके अनुसार, खेत से जुड़े विवाद और झगड़ों से परेशान होकर ही उन्होंने यह कदम उठाया। अंजली ने अपने ताऊ, ताई, दादी सहित परिवार के कुछ अन्य सदस्यों को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है।

**चार बच्चों के सामने भविष्य की चुनौती:** सुरेश और मुन्नीबाई दांगी के चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। बड़ी बेटी का हाल ही में विवाह हुआ है, जबकि अन्य तीन बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। मां की मृत्यु और पिता की गंभीर स्थिति ने पूरे परिवार, विशेषकर बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जमीन विवाद की पृष्ठभूमि, जहर सेवन की परिस्थितियां और परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की पड़ताल की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शासन से गजरा गियर्स के 62 श्रमिक परिवारों ने आवास दिलाने की माँग की



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास:** मल्हार स्मृति मंदिर परिसर स्थित वरिष्ठ नागरिक संस्था सभागृह में गुरूवार को आयोजित प्रेस वार्ता में गजरा गियर्स प्रा. लि. से जुड़े 62 श्रमिक परिवारों ने अपने आवासीय अधिकारों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच एवं न्याय की मांग की।

पीड़ित श्रमिक परिवारों ने बताया कि वर्ष 1981 में मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा गजरा गियर्स प्रा. लि. के 62 श्रमिकों को जवाहर नगर स्थित आवास आवंटित किए गए थे। श्रमिकों के अनुसार इन मकानों की राशि वर्षों तक उनके वेतन से किस्तों के माध्यम से काटी गई और निर्धारित भुगतान पूरा होने के बावजूद आज तक मकानों की रजिस्ट्री एवं वैधानिक स्वामित्व उनके नाम नहीं किया गया है।

प्रेस वार्ता में श्रमिकों ने आशंका जताई कि कंपनी प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों की कथित मिलीभगत से इन मकानों को अन्य व्यक्तियों अथवा भू-माफियाओं को हस्तांतरित करने के प्रयास किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि श्रमिकों से मकानों की पूरी राशि वसूल की जा चुकी है, तो स्वामित्व अधिकार न देना गंभीर अनियमितता है, जिसकी उच्चस्तरीय जांच होना आवश्यक है।

श्रमिक परिवारों ने आरोप लगाया कि पूरे मामले में धोखाधड़ी, आर्थिक अनियमितता, आपराधिक विश्वासघात, षड्यंत्र एवं भ्रष्टाचार जैसे पहलुओं की जांच की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने आशंका व्यक्त की कि अधिकारों की मांग करने पर उन्हें दबाव, धमकी या जबरन बेदखली का सामना करना पड़ सकता है।

प्रेस वार्ता के माध्यम से श्रमिक परिवारों ने प्रशासन से मांग की कि गजरा गियर्स प्रा. लि. एवं मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के संबंधित अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए, विवादित मकानों के किसी भी प्रकार के हस्तांतरण पर रोक लगाई जाए तथा सभी 62 परिवारों को सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने मामले की जांच पूरी होने तक यथास्थिति बनाए रखने की भी मांग की।

पीड़ित परिवारों ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन एवं शासन कानून एवं संविधान की भावना के अनुरूप श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए उन्हें न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। इस दौरान पीडित श्रमिक परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# 21 वर्षीय युवक की डूबने से मौत 20 मिनट में निकाला शव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदा :** नर्मदा नदी के छिपानेर स्थित निंबार्क आश्रम स्नान घाट पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 21 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस और स्थानीय लोगों की तत्परता से युवक को करीब 20 मिनट के भीतर पानी से बाहर निकाल लिया गया, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। इस घटना ने एक बार फिर नदी घाटों पर सुरक्षा इंतजामों और चेतावनी संकेतों की आवश्यकता को उजागर कर दिया है।

पुलिस के अनुसार अमन पिता संतोष गोर (21) निवासी हनुमान मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 6, टिमरनी जिला हरदा, गुरुवार सुबह अपने चाचा गोलू और अन्य परिजनों के साथ नर्मदा स्नान के लिए छिपानेर घाट पहुंचा था। स्नान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।

परिजनों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी की अधिक गहराई के कारण वह कुछ ही क्षणों में नजरों से ओझल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही गोपालपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से सर्च अभियान शुरू किया। युवक को लगभग 20 मिनट बाद बाहर निकाल लिया गया, लेकिन चिकित्सकीय जांच में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घाट पर मौजूद श्रद्धालु भी हादसे से स्तब्ध नजर आए।

बार-बार हो रहे हादसे, फिर भी नहीं पर्याप्त चेतावनी नर्मदा के विभिन्न घाटों पर हर वर्ष डूबने की घटनाएं सामने आती हैं। कई बार श्रद्धालु गहराई का सही अनुमान नहीं लगा पाते, जबकि कुछ स्थानों पर अचानक गहरे गड्ढे और तेज बहाव भी दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। बावजूद इसके अधिकांश घाटों पर गहराई संबंधी स्पष्ट सूचना बोर्ड,चेतावनी संकेत और सुरक्षा व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं दिखाई देतीं।स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रमुख स्नान घाटों पर गहरे और सुरक्षित क्षेत्रों को चिन्हित किया जाना चाहिए। साथ ही बड़े सूचना बोर्ड, चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग और प्रशिक्षित गोताखोरों की व्यवस्था भी आवश्यक है ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

# वन विभाग ने अतिक्रमण से 50 हेक्टेयर वन भूमि कराई मुक्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** विदिशा वन मंडल के अंतर्गत गंजबासौदा वन परिक्षेत्र की जाजोंन सब-रेंज में वन विभाग ने अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 50 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया। करीब 35 से 40 वर्षों से वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए वन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) हेमंत यादव के मार्गदर्शन, उपवनमंडलाधिकारी प्रशांत साकरे तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती पिंकी रघुवंशी के निर्देशन में की गई। अभियान में त्योंदा थाना पुलिस और वन विभाग के मैदानी अमले ने संयुक्त रूप से भाग लिया। लगभग 35 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम ने पूरे अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

वन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बीट सूजा के कक्ष क्रमांक 165 में 15 हेक्टेयर, बीट पठारी के कक्ष क्रमांक 166 में 15 हेक्टेयर तथा कक्ष क्रमांक 166ए में 20 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। इस प्रकार कुल 50 हेक्टेयर क्षेत्र पुन: वन विभाग के नियंत्रण में आ गया है।

वन अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की संभावना को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से सुरक्षा उपाय भी शुरू कर दिए गए हैं। इसके तहत तीन जेसीबी मशीनों की सहायता से भूमि पर कंटूर पिट ट्रेंच (सीपीटी) और गहरी खाइयों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि अतिक्रमणकारियों की पुन: घुसपैठ रोकी जा सके।

वन विभाग की इस कार्रवाई को क्षेत्र में वन संपदा की सुरक्षा और संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया सत्याग्रह

**गंजबासौदा।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पर उपवास रखकर धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत रघुपति राघव राजा राम भजन के साथ हुई। धरना स्थल पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और विपक्ष की आवाज को मजबूत बनाए रखने की बात कही। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रही है।


**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Web. : www.mpstdc.com
क्रमांक 270/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक 11.06.2026

**निविदा सूचना 231/2026_STDC_515039_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :- होटल अमलतास पचमढ़ी जिला नर्मदापुरम में 62.5 के.व्ही.ए. डी.जी. सेट प्रदाय व स्थापित करने का कार्य। (02 माह) कार्य की लागत राशि रु. 10.70 लाख।**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 29.06.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/126335/2026 **कार्यपालन यंत्री**


**स्पेशल खबर** कुमानताल पंचायत में विकास कार्यों पर उठे सवाल

# शौचालय पर अतिक्रमण और आंगनवाड़ी निर्माण में अनियमितता के आरोप



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदा :** ग्राम पंचायत कुमानताल में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यहां सामुदायिक शौचालय पर कथित अतिक्रमण और आंगनवाड़ी भवन निर्माण में अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं, जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।

ग्रामीणों के अनुसार लगभग 3.44 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय पर एक व्यक्ति द्वारा कब्जा कर उसे अपनी निजी सीमा में शामिल कर लिया गया है, जिससे इसका सार्वजनिक उपयोग प्रभावित हो रहा है। हालांकि संबंधित व्यक्ति ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भूमि निजी थी, जिसे पंचायत को दान में दिया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक सुविधा का उपयोग सभी के लिए सुगम होना चाहिए।

मामले को गंभीर मानते हुए ग्राम पंचायत सचिव गोलू बैरागी ने प्रशासन को आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। नायब तहसीलदार आरती सोलंकी ने बताया कि मामले की जांच के लिए पटवारी को मौके पर भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इसी ग्राम पंचायत में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य को लेकर भी सवाल उठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2022 में शुरू हुआ निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है, जबकि करीब 9 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। ग्रामीण जीवन सिंह मीणा ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह मामला बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

स्थानीय प्रशासन के अनुसार मामले की जांच प्रक्रिया जारी है। पंचायत सचिव ने बताया कि निर्माण कार्य पूर्व के सचिवों के कार्यकाल में शुरू हुआ था। ग्रामीणों की नजर अब प्रशासनिक जांच और संभावित कार्रवाई पर टिकी हुई है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**वीर सावरकर जोन -04 ( मंगलवारा )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल ज़ोन क्रमांक-04 के वार्ड क्रमांक-18 में स्थित आज़ाद मार्केट भोपाल में ए-5 नव बहार सब्जी मंडी ( L000005458 ) एंव दुकान क्रमांक-10 ( L000005323 ) का नामांतरण किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है -

| क्रं. | ज़ोन क्रं. | वार्ड क्रं. | आंवटी का नाम | स्थान एंव दुकान भूखण्ड | आकार | नामांतरण हेतु प्रस्तावित नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 | 18 | श्रीमति सूफिया बी पति स्व.श्री मोहम्मद साबिर | ए-5 नव बहार सब्जी मंडी | 79.94 वर्ग फीट | श्री शेख नसीर राईन पिता श्री श्री शेख वफाती राईन | आवेदन पत्र, शपथ पत्र, एंव रजिस्ट्री |
| 2 | 04 | 18 | श्री धर्मपाल लालचंदानी पिता श्री भगवानदास लालचंदानी | 10 मैन रोड हमीदिया रोड | 149.99 वर्ग फीट | श्रीमति वर्षा भरत लवकुश लालचंदानी पति/पिता श्री धर्मपाल लालचंदानी | मृत्यु प्रमाण पत्र आवेदन पत्र, शपथ पत्र |

उपरोक्त दुकान के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति/ बैंक / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो, सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर ज़ोन कार्यालय क्रं. 04 वार्ड क्रं. 18 के, कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें । नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नही है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यावाही कर दी जावेगी ।

जोनल अधिकारी
जोन क्रमांक 4
नगर निगम, भोपाल
मो. 9424499904

सू.क्रं. 300/026/027